हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 1 अप्रैल 2026

11 महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर्व पर शहर में...



12 सरकारी फंड में गड़बड़ी पर कुतबापुर सरपंच को...



# फेज-1 और फेज-2 के ई टेंडरों में 80 गांवों में लगाई स्ट्रीट लाइट, टेंडर शर्तों में उलझी 'रिपेयरिंग व्यवस्था'

## निष्पक्ष जांच हो तो मामला हो सकता है बड़ा, मंत्री के समक्ष उठा मुद्दा तो 10 दिन में समाधान करने के दिए निर्देश

सतीश सैनी ⏭ नारनौल

गांव की गलियां और फिरनियों को रोशन करने के लिए फेज-1 और फेज-2 के ई टेंडर जारी किए। यह टेंडर दो बड़ी एजेंसियों को मिला। दोनों फेज में जिला के करीब 80 गांव है, जहां स्ट्रीट लाइट लगाई गई है या अभी लगाई जा रही है। जब जिला के एक गांव पाली के सरपंच ने इन स्ट्रीट लाइट की कमी और टेंडर खामियों को समझा तो उसे ग्रीवेस मीटिंग में रखा। सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने जांच पड़ताल के आदेश दिए तो प्रथम दृष्टि में ही अभी तक यह सामने आया है कि स्ट्रीट लाइट का जो ई टेंडर छोड़ा गया, उसमें लाइट खराब होने पर रिपेयरिंग व्यवस्था को सही तरीके से दुरूस्त नहीं किया। जिनके नाम यह टेंडर छोड़ा गया, उन एजेंसी का तर्क है कि जो स्ट्रीट लाइट खराब हो गई, उसे पोल से उतारकर हमारे स्टोर पर लाओ। हम उसे ठीक करके दें देंगे। अब सवाल उठ रहा है कि पोल से खराब स्ट्रीट लाइट को उतारने और एजेंसी के स्टोर तक पहुंचाने में जो मेहनताना लगेगा, वह कौन और किस मद से देगा। इस ई टेंडर प्रणाली को लेकर सवाल खड़े हो गए है। हालांकि मंत्री अरविंद शर्मा ने मंगलवार अधिकारियों को 10 दिन में समाधान करने के निर्देश दिए है। जबकि यह एक गांव का नहीं बल्कि भविष्य में यह मामला 80 गांव की हजारों लाइटों की रिपेयर से जुड़ा है।

### यह थी शिकायत

गांव पाली के सरपंच की शिकायत है कि सरकार ने गांव में अभी स्ट्रीट लाइट लगाई है। उनकी हालत बहुत ही खराब है। इन लाइट्स में आधी लाइट खराब है। जो तार इनमें लगाए गए है, वह निम्न किस्म का है। जिससे हमेशा शार्ट सर्किट तथा टूटने का डर बना रहेगा। ये लाइटें कभी जलती हैं कभी नहीं। जिससे पूरे गांव में रात को अंधेरा छाया रहता है। इस विषय में कई बार ग्रीवेंस की बैठक में मुद्दा उठाया गया। सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह को भी अवगत करवा चुके है। उन्होंने विजिलेंस जांच के लिए कहा था कि यह लाइटें पूरे जिले में खराब है। इसकी विजिलेंस जांच होनी चाहिए लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। सरपंच ने मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इसकी जांच कर तार तथा स्ट्रीट लाइट को बदले। जिससे गांव में रात के समय में रोशन हो सके। जब तक लाइट का काम पूरा ना हो, तब तक ठेकेदार की पेमेंट नहीं की जाए। इस शिकायत को ग्रीवेंस में 22 जनवरी को लगाया गया था। इसके बाद परिवादी और पंचायती राज गुरुग्राम के उप मंडल अभियंता को सुनने के बाद विभाग की कार्य प्रणाली में त्रुटि पाई जाने पर ग्रीवेंस मीटिंग में मंत्री अरविंद शर्मा ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को आदेश देते हुए कहा था कि समस्त जिले की ग्राम पंचायतों में लगी लाइटों बारे सरपंच या आम व्यक्ति द्वारा इस तरह की शिकायत की जा रही है। ऐसे में परिवादी को शामिल जांच करके विस्तृत रिपोर्ट निदेशालय पंचायत व निदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा को भेजते हुए इस कार्यालय को आगामी बैठक से यथासमय पूर्व करवाएंगे।



नारनौल। परिवादी की मौजूदगी में मंत्री के समक्ष अपना पक्ष रखते एक्सईएन।

### जांच रिपोर्ट में यह निकला निष्कर्ष

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ने 26 फरवरी को अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पाली गांव में स्ट्रीट लाइट खराब होने बारे 20 फरवरी को शिकायतकर्ता ने लिखित में दिया कि ग्रीवेंस कमेटी में स्ट्रीट लाइट खराब होने की शिकायत की गई थी। वे सभी लाइटें चालू कर दी गई है। जिसमें 35 पोल की लाइटें है व 52 सीमेंट के पोल पर लगी हुई है, चालू है। पंचायती राज (विद्युत) गुरुग्राम के कार्यकारी अभियंता को सूचित किया गया कि उक्त सभी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कर दिया गया है। जिस बारे सरपंच गांव पाली द्वारा कार्यकारी अभियंता पंचायत राज नारनौल को संतुष्टि भी लिखित में दी गई। इसके अतिरिक्त जिला महेंद्रगढ़ में स्ट्रीट लाइटों के फेज-1 और फेज-2 के ई टेंडरों की जांच की जा रही है।

### अब ग्रीवेंस में फिर उठा मुद्दा तो यह तथ्य आया सामने

मंत्री अरविंद शर्मा के सामने पहली शिकायत यहीं थी। जब परिवादी को बुलाया गया तो संबंधित अधिकारी ने भी अपना पक्ष रखा। डीडीपीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि फेज-1 में और फेज-2 में 40 गांव कवर किए गए है। इन गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने का जिन एजेंसी को ठेका मिला है। उस टेंडर में रिपेयरिंग करने की बात तो लिखी है, जब संबंधित एजेंसी का तर्क है कि जो लाइट खराब, उसे ठीक करवाने के लिए हमारे स्टोर पर लेकर आए। अब सवाल है कि पोल से उतारने और संबंधित एजेंसी के स्टोर तक लेकर जाने का मेहनताना और किराया कौन दें। इसी वजह से यह दिक्कत आ रही है। यह हमारे विभाग से जुड़ा मामला नहीं है। इसके बाद दूसरे विभाग के एक्सईएन को बुलाया गया तो वह कोई सकारात्मक जवाब नहीं दे सके। एक्सईएन ने इतना जरूर कहा कि वह फिर से रिन्यू करवा देंगे। अलग से कर देंगे। इस जवाब पर मंत्री असहज दिखे और निर्देश दिए कि 10 दिन में समाधान करें।

## खबर संक्षेप

### ट्राले की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** शहर के राव तुलाराम चौक पर कुरहावटा मोड के पास एक ट्राले की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक कुरहावटा रोड पर किराए के मकान में रहकर सब्जी बेचता था। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसके अलावा पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर आरोपित चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। मृतक मन बहादुर शादीशुदा था और उसके तीन बेटे हैं।

### मंडलाना में 57 वर्षीय महिला की मौत

**नारनौल।** उपमंडल के गांव मंडलाना में करीब 57 वर्षीय चमेली पत्नी हनुमान की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान पर आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव नागरिक अस्पताल नारनौल से पोस्टमार्टम कराकर वापस परिजनों को सौंप दिया। गमगीन माहौल में परिजनों ने गांव के श्मशान ले जाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### दूलोठ जाट में 53 वर्षीय व्यक्ति की जान गई

**नारनौल।** दूलोठ जाट में करीब 53 वर्षीय राजकुमार नामक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पीएसआई रामलखन मुताबिक राजकुमार नशेड़ी किस्म का व्यक्ति था। बीती रात को करीब तीन बजे उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए अटेली के एक अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक शादीशुदा था तथा खेतीबाड़ी का काम करता था। उसकी दो बेटियां एवं छोटा बेटा है। अटेली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने उपरांत उसे परिजनों को सौंप दिया।

### सिहमा में मुर्गी फार्म कर्मी ने फंदा लगाया

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा के सिहमा खत्रीपुर रोड स्थित एक मुर्गी फार्म पर काम करने वाले व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के कुवंरा निवासी करीब 55 वर्षीय अमर सिंह पुत्र ईश्वरी प्रसाद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अमर सिंह पिछले कुछ समय से मुर्गी फार्म पर काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि उसने फार्म के अंदर ही फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना का पता उस समय चला जब अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उसे फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलने पर फैजाबाद पुलिस चौकी के इंचार्ज नवीन कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## प्राइवेट व्यापारियों को 6600-6800 रुपये में फसल बेच रहे किसान, एजेंसियां खाली बैठी

# एमएसपी से ज्यादा भाव के मिलने पर किसानों की सरकारी खरीद से दूरी

**नई नियमावली और जटिल प्रक्रिया भी नहीं खींच पा रही सरकारी खरीद की ओर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला महेंद्रगढ़ की अनाज मंडियों में इन दिनों सरसों की अच्छी खासी आवक हो रही है, लेकिन इसके बावजूद सरकारी खरीद एजेंसियों के पास फसल नहीं पहुंच रही। किसान अपनी सरसों मंडियों में तो ला रहे हैं, मगर बेहतर दाम मिलने के कारण उसे सीधे निजी व्यापारियों को बेच रहे हैं। इससे सरकारी खरीद व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होती नजर आ रही है। सरकार ने इस वर्ष सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 6200 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले साल से 250 रुपये अधिक है। इसके उलट खुले बाजार में अच्छी सरसों के भाव 6600 से 6800 रुपये प्रति क्विंटल तक मिल रहे हैं। किसान सरकारी खरीद केंद्रों की बजाय प्राइवेट व्यापारियों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

बता दें कि जिले की प्रमुख मंडियों नारनौल, महेंद्रगढ़, नांगल चौधरी, कनीना, अटेली और सतनाली में इन दिनों सरसों की आवक लगातार बढ़ रही है। सुबह से ही किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं पिकअप आदि में सरसों लेकर मंडियों में पहुंच रहे हैं, लेकिन सरकारी खरीद केंद्रों की ओर उनकी रुचि नहीं दिख रही। नेफेड द्वारा हैफेड के माध्यम से खरीद की व्यवस्था की गई है, मगर एजेंसियों के काउंटर लगभग खाली हैं। कर्मचारी दिनभर किसानों के आने का इंतजार करते हैं, लेकिन किसान सीधे आढ़तियों और निजी व्यापारियों के पास जाकर सौदा कर रहे हैं।





नारनौल। सरसों लेकर मंडी आए वाहन की फोटो खींचता कर्मचारी व कप्यूटर पर अंगूठे से बायोमेट्रिक हाजिरी लगाता किसान। फोटो : हरिभूमि

### बाजार भाव ने बिगाड़ा सरकारी खरीद का गणित

सरसों के ऊंचे बाजार भाव ने इस बार सरकारी खरीद की पूरी गणित बिगाड़ दी है। 42 प्रतिशत तेल मात्रा वाली सरसों को निजी बाजार में 6600 से 6800 रुपये प्रति क्विंटल तक भाव मिल रहा है, जबकि अच्छी क्वालिटी पर इससे भी ज्यादा कीमत मिल रही है। मंडी के व्यापारी देवकीनंदन गोयल के अनुसार, उनकी फर्म में 42 प्रतिशत तेल वाली सरसों 6700 रुपये प्रति क्विंटल तक खरीदी जा रही है। उन्होंने बताया कि किसानों को यहां किसी प्रकार की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता। न तो बायोमीट्रिक हाजिरी की आवश्यकता है और न ही फोटो अपलोड करने की। किसान सीधे सरसों बेच सकते हैं, बशर्ते फसल साफ, सूखी और नमी 8 प्रतिशत से कम हो। यही सरलता और बेहतर दाम किसानों को सरकारी खरीद से दूर कर रहे हैं।

### बंपर उत्पादन के बावजूद सरकारी खरीद ठप

महेंद्रगढ़ जिले में इस बार सरसों की बंपर पैदावार हुई है। 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल के अनुसार 84,856 किसानों ने 2,65,453 एकड़ में सरसों की बुवाई की है। इसके अलावा 22,226 किसानों ने 37,051 एकड़ में गेहूं, 688 किसानों ने 1,190 एकड़ में चना और 148 किसानों ने 253 एकड़ में जौ की खेती की है। इतनी बड़ी मात्रा में सरसों का उत्पादन होने के बावजूद सरकारी खरीद केंद्रों पर सन्नाटा रहना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

### नई प्रक्रिया बनी किसानों के लिए सिरदर्द

सरकार ने इस बार खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए कई नए नियम लागू किए हैं। सरकारी खरीद में 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा गेट पास जारी करते समय किसान और सरसों से भरे वाहन की फोटो खींचकर ऐप पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिन किसानों की फिंगर मशीन पर नहीं लगेगी, उनकी पुतलियां स्कैन की जाएंगी। प्रत्येक मंडी में एक-एक स्कैनिंग मशीन दी गई है। साथ ही किसान या उसके नामित व्यक्ति की बायोमीट्रिक हाजिरी भी जरूरी कर दी गई है। ऐसे में वे इन औपचारिकताओं से बचते हुए सीधे निजी व्यापारियों को फसल बेच रहे हैं।

### आज से शुरू होगी गेहूं की सरकारी खरीद

जिले में एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होनी है। फिलहाल खेतों में गेहूं की लावणी का कार्य जारी है और इसमें अभी करीब 10 दिन का समय लग सकता है। सरसों की मौजूदा स्थिति को देखते हुए साफ है कि जब तक बाजार भाव और एमएसपी के बीच अंतर बना रहेगा, तब तक किसान सरकारी खरीद की ओर रुख करने से रहे।

### यह बोली मंडी सचिव

*मंडी में किसान सरसों लेकर खूब आ रहे हैं, लेकिन अब तक सरकारी खरीद चालू नहीं हो पाई है, क्योंकि किसानों को व्यापारियों के यहां ऊंचे दाम मिल रहे हैं। इस कारण प्राइवेट में सरसों बेची जा रही है और सरकारी खरीद से बेरूखी चल रही है। हमें मंडियों में किसानों को सुविधा मुहैया कराने के दिशा-निर्देश मिले हुए हैं, गेट पास काटने समेत यह सभी सुविधाएं दी जा रही हैं। -नुकुल यादव, सचिव, मार्केट कमेटी, नारनौल*

### किसानों की फसल खरीद पर सरकार का तुगलकी फरमान: राव नरेंद्र सिंह

**नारनौल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने गेहूं व सरसों की सरकारी खरीद प्रक्रिया को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे तुगलकी फरमान करार दिया और कहा कि नए नियम किसानों को परेशान करने व न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद से बचने की नायब साजिश हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नई नियमावली अनुसार किसान को अपनी फसल अपनी ही ट्रैक्टर ट्रॉली में लानी होगी। ट्रॉली पर रजिस्ट्रेशन नंबर साफ लिखा होना चाहिए। मंडी गेट पर ट्रॉली व नंबर की फोटो ली जाएगी, जिसे सरकार के मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड करना जरूरी होगा। उसके बाद ही गेट पास मिलेगा। फसल मंडी लाने का समय सुबह छह बजे से शाम आठ बजे तक सीमित। इसके बाद गेट पास नहीं मिलेगा। हर पंजीकृत किसान को खुद मंडी जाकर बायोमेट्रिक सत्यापन कराना होगा। उठान के लिए मार्केट कमेटी सचिव, खरीद एजेंसी अधिकारी व ट्रांसपोर्टर तीनों के अलग अलग हस्ताक्षर जरूरी, ऐसे नियम किस के लिए भारी परेशानी पैदा कर रहे हैं। ये नियम प्रक्रियागत बाधाएं पैदा करेंगे, जिससे मंडियों में लंबी कतारें लगेंगी। वही बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजे में देरी को लेकर राव ने कहा कि सरकार किसानों को मुआवजा देने की बजाय खरीद प्रक्रिया को जटिल बनाकर भारी मुसीबतें पैदा कर रही है।

- सरकार किसानों को मुआवजा देने की बजाय खरीद प्रक्रिया को जटिल बनाकर भारी मुसीबतें पैदा कर रही

## राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने टोल टैक्स 2.8 फीसदी बढ़ाया

**वाहन चालकों को अब चुकाना होगा ज्यादा टोल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148 बी पर पनियाला मोड़ से नारनौल, नारनौल बाईपास व नारनौल से पचेरी कलां तक सफर करने वाले वाहन चालकों को अब ज्यादा टोल चुकाना होगा। परियोजना निदेशक योगेश तिलक की ओर से जारी आदेशानुसार संशोधन सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद रात 12 बजे से बढ़े हुए टोल की वसूली आरंभ हो गई है। टोल प्रबंधक के अनुसार कार, जीप, वैन और हल्के मोटर वाहनों के लिए एकल यात्रा का शुल्क 140 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि 24 घंटे के भीतर वापसी यात्रा के लिए 205 रुपये देने होंगे। हल्के वाणिज्यिक वाहन और मिनी बसों के लिए यह शुल्क 220 रुपये तथा वापसी यात्रा के लिए 335 रुपये तय किया गया है। बस व दो एक्सल ट्रकों के लिए एकल यात्रा का शुल्क 465 रुपये तथा तीन एक्सल वाहनों के लिए 510 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं भारी निर्माण मशीनरी व चार से छह एक्सल वाले वाहनों के लिए 730 रुपये तथा सात या उससे अधिक एक्सल वाले वाहनों के लिए 890 रुपये टोल देना होगा। मासिक पास की दरों में भी बढ़ोतरी की गई है।

कार वर्ग के लिए मासिक पास 4585 रुपये, जबकि हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए 7405 रुपये निर्धारित किया गया है। स्थानीय निजी वाहनों के लिए मासिक पास 350 रुपये रखा गया है। विभाग के अनुसार औसतन टोल दरों में करीब 2.8 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। नई दरों से जहां परियोजना की आय में बढ़ोतरी होगी, वहीं वाहन चालकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ेगा।

### सैदअलीपुर में व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नारनौल।** नांगल चौधरी खंड के गांव सैद अलीपुर में करीब 45 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान पर कार्रवाई करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल नारनौल से पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार करीब 45 वर्षीय सुरेश कुमार पिछले कुछ समय से बीमार रहता था। बीते रोज ग्रामीणों ने उसे उसके घर से दूर एक पानी की टंकी के पास पड़ा हुआ देखा तथा इसकी परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे नांगल चौधरी अस्पताल लेकर गए, जहां से उसे रेफर कर दिया। रेफर करने उपरांत परिजन जब उसे हायर सेंटर ले जा रहे थे, तब बीच रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। एएसआई जयभगवान ने बताया कि मृतक के परिवार के बयान दर्ज किए गए हैं। उनका कहना है कि सुरेश कुमार बीमार रहता था। कल वह दवाई लेने उपरांत गांव में ही कहीं चला गया था। मृतक शादीशुदा था तथा उसके तीन बच्चे हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

## दादरी से आए तीन मंगलमुखी को लगी चोटें, दोनों पक्षों पर केस दर्ज

# मंगलमुखी गुटों में झगड़ा: दोनों पक्षों की ओर से दी गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर के 11 हट्टा बाजार में मंगलवार दोपहर को दादरी और नारनौल से आए मंगलमुखी गुटों में झगड़ा होग गया। इसमें दादरी से आए तीन मंगलमुखी को चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब एक बजे दादरी से मंगलमुखी महेंद्रगढ़ शहर आए थे। इसकी सूचना नारनौल के मंगलमुखी समाज को मिली। बाद में नारनौल के मंगलमुखी वहां पर आ गए। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और बात हाथापाई तक पहुंच गई। इतना ही नहीं दादरी नंबर गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए और नारनौल नंबर की गाड़ी के भी शीशे टूटे हैं। बाद में पुलिस ने मौका मुआयना किया। इसके बाद दोनों पक्ष शहर पुलिस थाने में पहुंच गए। इस मामले में किन्नरों के गुटों के विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मंगलमुखी किन्नर समाज नारनौल की महंत महक ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि हम रोज की तरह नारनौल, महेंद्रगढ़, नांगल चौधरी में बधाई मांगते हैं। 31 मार्च को रोज जब वह अपने चेलों के साथ महेंद्रगढ़ बाजार में बधाई मांग रही थी, तब उसे एक फोन आया कि कोई बाहर के किन्नर महेंद्रगढ़ बाजार में घुसे हुए हैं। उनके साथ बाहर के शरारती तत्व भी है, तो यह सब सुनकर वह पुलिस को सूचना दी तथा उसके बाद वहां पहुंची। उन लोगों ने हमें देखकर अपनी गाड़ी से हमारी गाड़ी को टक्कर मार दी। वहां पर मौजूद सभी लोगों ने देखा कि यह सब चेले दिव्या, राधिका, संध्या, टीना के संग थी। जब हम गाड़ी से उतरे तो वह लोग गाड़ी से उतरे तथा हमें लोगों पर मारने चढ़ गए तथा सभी ने मिलकर हमें बहुत मारा, जिनमें निक्की, आईया, खुवाईस व छोटू को हम पहचानते हैं तथा उनके साथ और भी 10-15 शरारती तत्व थे। वह लोग हमें मारने लगे, उनके पास लाठी डंडे तथा हथियार भी था। उन लोगों ने हमें हथियार दिखाकर धमकाया तथा लाठी डंडों से खूब मारा तथा उनमें से एक गाड़ी वहां से फरार हो गई। इन सब के बीच उन लोगों ने हमारे चेलों के साथ सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। इस बीच हमारे ड्राइवर महेंद्र को उन लोगों ने घसीटा तथा उसके हाथ पैरों पर लाठी से मारा। उन सब का गवाह पूरा बाजार है तथा आमजन है। वह अपने चेले तथा ड्राइवर और स्टाफ के साथ बाजार जैसे तैसे भाग कर सिटी थाना आए और हम अपनी गाड़ी से वापस भाग रहे थे तो यह लोग कह रहें थे कि बुलबुल तुम लोगों को छोड़ेंगे नहीं और आगे तो इससे भी बुरा हाल करेगी।





महेंद्रगढ़। थाने में बैठे मंगलमुखी व गाड़ी की जांच करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### दूसरे पक्ष ने यह दी शिकायत

चरखी दादरी जिले के बौंद कलां निवासी ख्वाहिश किन्नर ने सिटी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 मार्च की सुबह के समय करीब 12 बजे वह व उसके साथी महेंद्रगढ़ शहर में बधाई मांगने के लिए घूम रही थी। तब हम महेंद्रगढ़ बाजार से निकल रहे थे, तभी सामने से तीन चार गाड़ी आई। उन्होंने हमारा रास्ता रोककर हमारे गाड़ियों में तोड़फोड़ कर मारपीट की। मारपीट करने वालों में महक किन्नर वासी नारनौल और टीना वासी नारनौल व अन्य लड़के थे, जिन्होंने डंडों से हमारे साथ मारपीट की। इन्होंने हमारी इको गाड़ी व एक आर्टिका गाड़ी को भी तोड़ दिया। उन्होंने हमें जान से मारने की धमकी दी और हमारा कीमती सामान सोने की नाक की बाली, कान के टॉप्स भी छिन लिए। उन्होंने मरपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### शहर की संस्थाओं ने की जबरदस्ती रुपये लेने पर रोक लगाने की मांग

*शहर के 11 हट्टा बाजार में मंगलमुखी विवाद को शहर की करीब छह संस्थाओं ने एतराज जताया हैं। शहर के सामाजिक संस्था व्यापार मंडल, ब्राह्मण सभा, अग्रवाल सभा, सैनी सभा, यादव सभा, पंजाबी सभा आदि ने प्रशासन को दी शिकायत में कहा कि महेंद्रगढ़ शहर में कुछ समय से मंगलमुखी का आतंक चल रहा है। मंगलवार को दो ग्रुप भगवान परशुराम चौक व आजाद चौक पर आमने सामने की गाड़ियों की टक्कर मारकर फिल्मी स्टाइल में लड़े है। दोनों ग्रुप की सिर्फ रुपये की लड़ाई है। आजकल एक नया दादरी से ग्रुप आने लगा है, कहता यह इलाका हमारा है, जबकि दादरी ग्रुप का कोई हमारे इधर भेंट लेने का हक नहीं है। पुराना ग्रुप महक नारनौल आजकल लोगों की भावनाओं से खेलकर जबरदस्ती रुपये ऐठंता है। इसलिए दादरी ग्रुप को महेंद्रगढ़ इलाके से दूर किया जाए और महक ग्रुप की जबरदस्ती रुपये लेने पर रोक लगाई जाए। संस्थाओं ने शहरवासियों से अपील की है कि कि जबरदस्ती करने पर इनकों एक भी पैसा न दें, उनके निमित का पैसा अपनी किसी पड़ोसी गरीब आदमी या अपने गरीब रिश्तेदार को दे।*



# अजय ने नए प्रोजेक्ट का किया ऐलान सत्य घटना पर होगा आधारित

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच मंगलवार अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। यह 2 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style



# कुब्रा
## खुशी है मुझे मारा नहीं गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा फिर नजर आएंगी।

इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने फर्जी 2 को हां कहा था? एक बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए, आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी। प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती। समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है।

हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी की तीसरे पार्ट की शूटिंग खत्म

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन जिन्हें फैंस प्यार से 'द रॉक' भी बुलाते हैं। ड्वेन जॉनसन ने 'जुमानजी' की तीसरी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही ड्वेन ने 'जुमानजी 3' के सेट की कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'मेरे पूरे कॅरियर में यह सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक था। 'मैं बहुत खुशकिस्मत वाला हूं कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय तक इस बेहतरीन कास्ट के साथ काम करने का मौका मिला।



# तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए मिला नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** इंटीरियर्स, द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, द एज ऑफ इनोसेंस और सिक्स डिग्रीज ऑफ सेपरेशन जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी बेथ हर्ट का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। मैरी बेथ हर्ट ने अपने लंबे कॅरियर में कई तरह की फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। क्राइम्स ऑफ द हार्ट, ट्रेलावनी ऑफ द वेल्स और बेनेफैक्टर्स में उनके अभिनय के लिए उन्हें तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला। उन्होंने द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, यंग एडल्ट, द एक्सोरसिज्म ऑफ एमिली रोज, द लेडी इन द वाट' जैसी फिल्मों में भी काम किया। अपने पति पॉल श्रेडर के साथ उन्होंने एफ्लिक्शन और लाइट स्लीपर जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया। टेलीविजन में उन्होंने 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसी सीरीज में छोटी भूमिकाएं कीं।



# मिस वर्ल्ड 2026 का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** दुनिया के सबसे मशहूर ब्यूटी पेजेंट्स में से एक का काउंटडाउन अब शुरू हो चुका है। मिस वर्ल्ड 2026 का 75वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा शानदार होने वाला है। आयोजकों ने इस बात की जानकारी दी है कि पेजेंट का आयोजन कब और कहां होगा। मिस वर्ल्ड 2026 का ऐतिहासिक संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 अगस्त को होगी और 5 सितंबर को एक समापन समारोह के साथ इसका अंत होगा। यह घोषणा मिस वर्ल्ड वियतनाम के समापन समारोह के दौरान जूलिया मोर्ले ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर की। इस साल भारत का प्रतिनिधित्व उज्जैन की फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल करेंगी। उन्होंने इसके लिए पहले ही अपना उत्साह जाहिर कर दिया है।



# मैं एक्टर नहीं हूं का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म में चित्रांगदा सतरूपा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखते हुए यह फिल्म किसी फिल्म से ज्यादा डॉक्यूमेंट्री जैसी लग रही है। प्रोड्यूसर आदित्य कृपलानी ने अपने यूट्यूब चैनल पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या कभी एक्टर बनने का सपना देखा है? 'मैं एक्टर नहीं हूं' फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सतरूपा लीड रोल में है। यह फिल्म एक ऐसे बैंकर की कहानी है, जो दो देशों-भारत और जर्मनी में रहते हुए एक एक्टर से एक्टिंग सीखता है।

टीवी मसाला



# नया कप्तान आया है! साकिब की वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** साकिब सलीम और सिद्धार्थ निगम की आगामी सीरीज 'कप्तान' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इस क्राइम सस्पेंस सीरीज का ट्रेलर काफी दिलचस्प है, जिसने इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है। साकिब सलीम की इस सीरीज में पावर, पॉलिटिक्स और पुलिस महकमे की अंदरुनी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज में पुलिस और अपराधियों के बीच टकराव और गैंगवार को दिखाया गया है। सीरीज में साकिब सलीम खाकी वर्दी में दिखे हैं। वे एसएसपी समरदीप के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में लोकप्रिय सीरियल 'एफआईआर' में इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला का रोल निभाकर तारीफ बटोरने वाली एक्ट्रेस कविता कौशिक भी अहम रोल में नजर आई हैं। इस सीरीज में भी कविता ने खाकी वर्दी पहनी है। बता दें कि 'कप्तान' सीरीज 3 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। सीरीज की कहानी ज्वालाबाद तहसील पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अंजुम शर्मा, आरिफ जकारिया और पूजा गौर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। सीरीज के ट्रेलर में दमदार डायलॉग सुनने को मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी कहानी भी कमाल होने वाली है। क्राइम सीरीज पसंद करने वालों को यह अच्छी लगेगी।

## सुनील को मंच पर किया गया बेइज्जत



**नई दिल्ली।** अपनी बेबाकी और बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन, इस बार वो अपने किसी बयान की वजह से नहीं, बल्कि अपने एक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। वो बार-बार माइक पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें माइक से दूर कर दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद अब लोग कॉमेडियन के इस अपमान पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो एक मुशायरा-कवि सम्मेलन का मालूम पड़ता है। वीडियो में दिखता है कि सुनील पाल को पहले मंच पर बुलाया जाता है और फिर उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता देकर सम्मानित किया जाता है। इसके बाद सुनील पाल माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें स्टेज से वापस जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील पाल बार-बार ये कहते सुनाई देते हैं कि 'शुक्रिया तो कहने दो।'लेकिन स्टेज पर उनके साथ मौजूद संचालक ऐसा नहीं होने देते, वो उन्हें बोलने से रोकते हुए स्टेज से जाने के लिए और बैठने के लिए कहते हैं।

# 'झूठा कहीं का' की रिलीज के पूरे हुए 47 साल, नीतू ने ऋषि को किया याद...

**मुंबई।** नीतू कपूर और ऋषि कपूर की फिल्म 'झूठा कहीं का' की रिलीज को पूरे 47 साल हो चुके हैं। इस फिल्म में नीतू और ऋषि ने एक साथ अभिनय किया था। पति ऋषि के साथ अपनी इस फिल्म को याद करते हुए नीतू ने एक इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'झूठा कहीं का'की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू कपूर और ऋषि कपूर के साथ दिख रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'झूठा कहीं का के 47 साल।' यह फिल्म 30 मार्च 1979 को रिलीज हुई थी।



## 1979 में हुई थी रिलीज

'झूठा कहीं का' 1979 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रवींद्र पीपत ने किया था और निर्माण रवि मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। साउंडट्रैक में 'झूठा कहीं का' और 'दिल में जो मेरे समा गई' जैसे गाने शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, राकेश रोशन और प्रेम चोपड़ा हैं।

## फिल्म की कहानी

'झूठा कहीं का'एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है। इसकी कहानी अजय (ऋषि कपूर) नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है। अजय रेखा (नीतू) को प्रभावित करने के लिए खुद को अमीर बताने का झूठ बोलता है। फिल्म में झूठ छिपाने की कोशिशों के दौरान बहुत सारी गलतफहमियां और मजेदार स्थितियां बनती हैं। राकेश रोशन विजय की भूमिका में हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं। प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में हैं।

# रणबीर ने समझाया मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

**नई दिल्ली।** साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण'की हर एक अपडेट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यही कारण है कि जबसे मेकर्स ने फिल्म से 2 अप्रैल को राम का लुक रिवील करने की घोषणा की है, तबसे फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इससे पहले रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ लॉस एंजिल्स पहुंचे। यहां एक चुनिंदा आईमैक्स स्क्रीनिंग में 'रामायण'की फिल्म की एक झलक दिखाई गई। इस दौरान तीनों ने बात भी की और सवालों के जवाब भी दिए। रणबीर कपूर ने फिल्म में अपने किरदार और मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ भी समझाया। रणबीर ने भगवान राम को केवल एक पौराणिक कैरेक्टर या चेतना के रक्षक के रूप में ही नहीं, बल्कि विदेशी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम शब्द से भी परिचित कराया, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष। रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के मार्गदर्शक रहे हैं। वो हमें विपत्तियों के संदर्भ में मानवीय भावना का ज्ञान कराते हैं। वो करुणा, साहस, धर्म और क्षमा के प्रतीक हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष।'लॉस एंजिल्स में हुए इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें कुछ में जहां इवेंट के दौरान रणबीर, नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कई फोटोज में फैंस ने फिल्म के पोस्टर के साथ तस्वीर क्लिक कराते हुए फिल्म में दिखाई गई झलक की भी प्रशंसा की है।





## सेंसर से मिली मंजूरी

2 अप्रैल को दिखाए जाने वाली फिल्म की झलक को सेंसर बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म से राम की झलक 2 अप्रैल को सामने आएगी। अब सीबीएफसी से मंजूरी मिलने वाले एक सर्टिफिकेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि 'राम' शीर्षक वाली पहली झलक को 2 मिनट 38 सेकंड की अवधि के साथ प्रमाणित किया गया है। इसे यू कैटेगरी के साथ पास किया गया है।

## दो पार्ट में रिलीज होगी रामायण

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताई जा रही है। इसे काफी भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। जबकि सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज की जाएगी।

## कान की दुर्लभ बीमारी की वजह से नहीं लिया नया प्रोजेक्ट

# अलका को सुनने में दिक्कत, 2 साल से नहीं गा पा रहीं गाना

### आखिरी गाना

उनकी आवाज आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में सुनी गई थी, जो 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने ए.आर. रहमान के गाने 'नरम कालजा' में गाया था। इस साल की शुरुआत में, अलका को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से इस सम्मान की उम्मीद थी। इस पर उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो नहीं। जब भी यह मिले, मैं इसका स्वागत करती हूं।'

### कान की दुर्लभ बीमारी

अलका याग्निक को एक दुर्लभ कान की बीमारी है, जिसे सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस कहते हैं। इस कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यह समस्या एक वायरल अटैक के कारण होती है, जिससे कान की नसें प्रभावित होती हैं। सिंगर ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पहले ही जानकारी दी थी। साथ ही लोगों को तेज आवाज वाले म्यूजिक और हेडफोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपनी हेल्थ को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने दो साल पहले बताया था कि वो सुन नहीं पा रही हैं और उन्हें कान की बीमारी हो गई है। अब खुद अपडेट देकर बताया है कि कैसी हैं। साल 2024 में, दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपने फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ कान की बीमारी से जूझ रही हैं, जिसके चलते उन्होंने कुछ समय के लिए सबसे दूरी बना ली थी। अब, अपने स्वास्थ्य के बारे में अलका ने एक नया अपडेट शेयर किया है और सिंगर ने ये भी बताया कि वह अभी भी इस समस्या से पीड़ित हैं। एक इंटरव्यू में सिंगर अलका याग्निक ने अपनी कान से जुड़ी बीमारी के बारे में अपनी लड़ाई के बारे में बताया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगर इस बारे में बात करने से हिचकिचा रही थीं, और उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बीमारी से जूझ रही हैं। इसी बीमारी के कारण उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लिया है।*



### अलका के हिट गाने

अलका ने भारतीय सिनेमा के कुछ बेहद हिट गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे मोहरा का टिप टिप बरसा पानी, कयामत से कयामत तक का ऐ मेरे हमसफर, हम दिल दे चुके सनम का चांद छुपा बादल में और तमाशा का अगर तुम साथ हो।

### दो साल पहले बताई थी कान की बीमारी

2024 में, अल्का ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर की कि एक 'अचानक वायरल संक्रमण' के कारण उन्हें 'एक दुर्लभ कान की बीमारी' का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों को। कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकली, तो अचानक मुझे लगा कि मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही हूं। इस घटना के बाद के हफ्तों में मैंने हिम्मत जुटाई और अब मैं अपने उन सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं क्यों गायब हूं। मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल नर्व हियरिंग लॉस बताया है, जो एक वायरल संक्रमण के कारण हुआ है... इस अचानक और गंभीर समस्या ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है।'

# घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग व कालाबाजारी को रोकने के लिए छापामारी, जिले में 17 जब्त किए

■ डीसी के निर्देश पर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को जिलावासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और आमजन को सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस की कालाबाजारी और इसके दुरुपयोग को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसा करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। एलपीजी वितरण में अनियमितता बरतने पर निजामपुर की एक एजेंसी संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को नारनौल क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग और कालाबाजारी को रोकने के लिए विभाग की ओर से विशेष छापामार कार्रवाई अमल में लाई गई। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर 12 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए। इस छापामारी दल में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर रवि कुमार, सब इंस्पेक्टर कानाराम व कुलदीप शर्मा सहित अन्य विभागीय कर्मचारी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त कनीना क्षेत्र में दयान सिंह इंस्पेक्टर की टीम ने पांच घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इस प्रकार जिले में कुल 17 घरेलू सिलेंडर जप्त किए गए।

### गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध



जिले में गैस वितरण की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए डीसी ने बताया कि 30 मार्च को शाम पांच बजे तक जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिले की 21 मुख्य गैस एजेंसियों के पास कुल 5274 सिलेंडरों का स्टॉक था, जिसमें से 2051 सिलेंडर प्लांट से ताजा प्राप्त हुए थे। दिन भर में 865 सिलेंडरों की डिलीवरी की गई, जिसके बाद भी जिले में 4409 सिलेंडरों का क्लोजिंग बैलेंस बचा हुआ है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होम डिलीवरी के लिए कुल 20 वाहनों को लगाया गया है, ताकि उपभोक्ताओं को उनके घर पर ही गैस उपलब्ध हो सके। कमर्शियल सिलेंडरों की मांग के विषय में विभाग ने स्पष्ट किया है कि शादियों व सरकारी कार्यों के लिए मांग के अनुसार सिलेंडर प्राप्त हो रहे हैं और संबंधित आवेदकों को समय पर संदेश भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में अनियमित बर्तनों पर मेसर्स वरुणा एचपी ग्रामीण वितरक निजामपुर के विरुद्ध 29 मार्च को एफआईआर दर्ज करवाई गई है और इसकी सूचना संबंधित सेल्स ऑफिसर को भी भेज दी गई है। उपायुक्त ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल अधिकृत एजेंसियों से ही सिलेंडर लें और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

# मॉडर्न स्कूल में हवन के साथ हुई नए सत्र की शुरुआत

■ हवन के समापन पर सभी को प्रसाद वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास में नए सत्र की शुरुआत करने के लिए हवन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस हवन कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, प्राचार्य, मॉडर्न ग्रुप के समस्त टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टॉफ ने आहुति दी। हवन के समापन पर सभी को प्रसाद वितरण किया गया। हवन के समापन पर निदेशक राजकुमार यादव ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम की शुरुआत करने के लिए हवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। आज ही विद्यार्थियों का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



महेंद्रगढ़। विद्यालय में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर प्रबंधन समिति सदस्य इमरती देवी, निदेशक राजकुमार यादव, हवासिंह यादव, प्रबंधन समिति सदस्य अनीता देवी, सोनिका देवी, नवीन कुमार, सपना देवी, प्राचार्य अखिल कुमार, उपप्राचार्य शकुंत शहरावत, वरिष्ठ अध्यापक रामसिंह, राकेश कुमार तथा समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



नारनौल। सेवानिवृत्त पर सहायक प्रो. डा. दलीप सिंह को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### महाविद्यालय से सहायक प्रोफेसर सेवानिवृत्त

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय के भूगोल विषय के सहायक प्रोफेसर डॉ दलीप सिंह करीब 38 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त की उपलक्ष्य में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इन्होंने राजकीय महिला महाविद्यालय में एक शिक्षक के रूप में 8 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी। वे मूल रूप से नारनौल खंड के लहरोदा गांव के रहने वाले वाले हैं। प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि डॉ. दलीप सिंह को महाविद्यालय परिवार कभी भी भूल नहीं पाएगा, क्योंकि उन्होंने अपने काम व स्वभाव की जो छाप छोड़ी है, वह अविस्मरणीय है।



नारनौल। रिटायरमेंट पर परिजनों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### स्वर्गीय कर्मचारी को श्रद्धांजलि अर्पित

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वर्गीय विजय सिंह बाबू के सेवानिवृत्त दिवस पर उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभा व उनके परिजनों की उपस्थिति में सेवानिवृति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वर्गीय विजय सिंह ने करीब 15 वर्ष तक इंडियन नेवी में अपनी सेवाएं दी। तत्पश्चात पांच वर्ष तक प्राईवेट जॉब की। वर्ष 2019 में ग्रुप-डी के तहत अपनी सेवाएं देने के लिए इन्होंने महाविद्यालय जॉइन किया। वे ग्रुप-डी में नियमित कर्मचारी थे, जिनका एक नवंबर 2025 को अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण स्वर्गवास हो गया। वे मूल रूप से नारनौल खंड के भूषण खुर्द (नौरंगपुरा) गांव के रहने वाले वाले थे। वह आज ही के दिन रिटायर होने वाले थे। प्राचार्य डॉ आरपी सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने काम, स्वभाव व संयम की जो छाप छोड़ी है, वह अविस्मरणीय है।



कनीना। मुन्नी बाई को सम्मानित करता स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### सीएचसी सेहलंग से सुपरवाइजर सेवानिवृत्त

**कनीना।** सीएचसी सेहलंग में कार्यरत स्वास्थ्य सुपरवाइजर मुन्नी बाई करीब साढ़े 32 वर्ष की सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हो गई। जिसे स्टाफ सदस्यों ने पारितोषिक प्रदान कर ससम्मान विदाई दी। अस्पताल प्रभारी डॉ. प्रभा ने निष्ठापूर्वक की गई ड्यूटी की सराहना की। मुन्नी बाई ने अप्रैल 2025 में स्वास्थ्य सुपरवाइजर के पद पर जॉइन किया था। इस मौके पर स्वास्थ्य सुपरवाइजर पवन शर्मा, मुकेश चौहान, बलजीत यादव, डॉ. नंदिनी, डॉ. आशीष, आलोक, भूपेन्द्र, इंद्रजीत, डॉ. सचिन, डॉ. आशीष उपस्थित थे।

# महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर्व पर शहर में बही भक्ति गीतों की अमृतधारा

## आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम, निकाली प्रभातफेरी

■ श्रद्धालुओं ने भगवान को श्रीफल, चावल, बादाम, लौंग सहित अष्ट द्रव्य चढ़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर्व पर जैन समाज की ओर से नलापुर स्थित श्री शांतिनाथ मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद शोभा यात्रा नलापुर स्थित श्री शांतिनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर तलाब बहादुर सिंह, फौजी कैंटीन, महावीर चौक से बस स्टैंड, गोपाल गोशाला से होती हुई वापस शांतिनाथ जैन मंदिर मे संपन्न हुई। वहां पर भगवान महावीर स्वामी का पाडुकशीला पर भगवान का जन्माभिषेक किया।

अत्यंत भक्ति भाव से भगवान महावीर स्वामी का पूजन कर कल्याण की भावना के साथ भगवान महावीर स्वामी के श्री चरणों में नमन किया। भगवान महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर के रूप में प्रसिद्ध हैं। भगवान महावीर ने जीवनभर सत्य व अहिंसा के नियमों का पालन किया। इस अवसर पर शहर के जैन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना, मण्डल विधान पूजा सहित भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान, महाआरती का आयोजन किया गया। पूजा के दौरान जन्म कल्याणक पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान को श्रीफल, चावल, बादाम, लौंग सहित अष्ट द्रव्य चढ़ाए। प्रत्येक वर्ष भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती समस्त विश्व में जैन समाज और अन्य अहिंसा प्रेमी व्यक्तियों की ओर से बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई जाती है। इस मौके पर प्रधान अजीत जैन, पवन जैन, जितेंद्र जैन, विजय जैन, धर्मेंद्र जैन, नरेश जैन, रजत जैन, नरेश, नितिन, कपिल, गोपाल, राजू, दिनेश, पुनीत, सचिन जैन, मनोज जैन, अशोक जैन आदि मौजूद रहे।



नारनौल। महावीर जयंती पर झांकी निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

### अपने स्वार्थ के लिए किसी प्राणी को दुःख न दें

महेश जैन, यश जैन, तुषार जैन, गर्व जैन, गर्वित जैन व प्रवक्ता सुरेन्द्र जैन ने बताया कि आज मनुष्य जिन समस्याओं और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है, उन सबका समाधान महावीर के दर्शन व सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि भगवान महावीर स्वामी ने हमें जो उपदेश दिए, हम उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करें, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने जीवनभर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे। इसलिए वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गए। भगवान महावीर स्वामी की मूल शिक्षा है अहिंसा है। सबसे पहले अहिंसा परमो धर्मः का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं, बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ महाभारत के अनुशासन पर्व में किया गया था, लेकिन इसको अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवाई भगवान महावीर स्वामी ने अपनी वाणी और अपने स्वयं के जीवन से दिलाई। अहिंसा के साथ भगवान महावीर स्वामी का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा साधा अर्थ करें, तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें।



नारनौल। कार्यक्रम के दौरान छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गुरु द्रोणाचार्य स्कूल में हुआ वार्षिक पारितोषिक समारोह

**नारनौल।** गुरु द्रोणाचार्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चेयरपर्सन अजय कुमार ने पिछले वर्ष का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। रोहित पुत्र सुभाष चंद्र, खुशबू पुत्री लक्ष्मीनारायण ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की है। मोहन पुत्र पवन कुमार ने आर्चरी में नेशनल स्तर पर भाग लिया। वहीं युग्म व वासु ने क्रिकेट की अंडर 14 टीम में अपना स्थान बनाया। पिछले सत्र में विद्यालय की साइंस की टीम ने जिले स्तर पर प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस पर नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने विद्यालय को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य नेतराम ने परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बताया कि नर्सरी कक्षा में मायरा पुत्री प्रदीप कुमार ने प्रथम, एकेजी में चंचल पुत्री पवन कुमार प्रथम, यूकेजी में नित्या पुत्री हरगोविन्द प्रथम, पहली में दित्या पुत्री देवेंद्र प्रथम स्थान प्राप्त किया।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में सीनियर विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट अशोक यादव, एडवोकेट कविता कुमारी एवं भगत सिंह ने की। विद्यालय द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात सीनियर विंग के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था संस्थापक रामसिंह यादव के योगदान एवं मार्गदर्शन का विशेष रूप से उल्लेख किया गया। चेयरमैन रूपराम यादव ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।



नारनौल। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विद्या भारती स्कूल निजामपुर का परीक्षा परिणाम घोषित

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव, संपूर्ण विद्यालय परिवार ने हवन का आयोजन कर नए सत्र की शुरूआत की। इस अवसर जितेन्द्र, अमित, विक्रम, रामकिशन, मनोज, विरेन्द्र, रिंकेश संदीप, विजेन्द्र, अनिल कुमार, अनिल सोनी, सुनील सोनी, सुरेन्द्र सिंह आदि अनेक अभिभावकगण उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया।



महेंद्रगढ़। सांसद का स्वागत करती अर्चना ठाकुर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# उदय नर्सिंग कॉलेज पाली में पहुंचे सांसद अनुराग ठाकुर

**महेंद्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को उदय नर्सिंग कॉलेज पाली में पहुंचने पर कॉलेज संस्थापक व भाजपा नेत्री डॉ. अर्चना ठाकुर द्वारा फूल का बुका देकर स्वागत किया। इस दौरान सांसद अनुराग ठाकुर ने उनके शैक्षणिक योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज स्टाफ की ओर से अनुराग ठाकुर का स्वागत किया गया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है और ऐसे संस्थान, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं, राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने डॉ. अर्चना ठाकुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्य छात्रों को प्रेरित करने वाला है और शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयासों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला प्रधान यतेंद्र राव, स्थानीय विधायक के पुत्र राहुल यादव, पूर्व जिला प्रधान राकेश शर्मा, चेयरमैन भागीरथ सिंह, एक्स सर्विस लीग के प्रधान कृष्ण कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मॉडर्न स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

चामधेड़ा रोड स्थित मॉडर्न स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। चेयरमैन सतन सिंह यादव व प्राचार्य प्रदीप तंवर ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्राचार्य प्रदीप तंवर ने कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सफलता केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास का प्रतीक है। कोर्डिनेटर भूपेन्द्र सैनी के अनुसार एलकेजी में भावेश ने प्रथम, भूमिका ने द्वितीय व खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी में काव्या व पिहू प्रथम, काव्या, जिया व शौर्य द्वितीय तथा भविष्य तृतीय रहे। कक्षा पहली में पियूष प्रथम, आरव द्वितीय व लावन्या तृतीय रहे।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। पीटीएम में भाग लेते अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

### सीएल स्कूल में पीटीएम आयोजित

**नारनौल।** हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में द ग्रैंड रिजल्ट डिक्लेरेशन एवं पीटीएम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए तथा अभिभावकों व शिक्षकों के बीच सार्थक संवाद स्थापित किया गया।विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट परिणाम प्रस्तुत किए, जिससे विद्यालय परिसर में उत्साह व खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने सभी बच्चों को उनके बेहतर प्रदर्शन पर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की।



नांगल चौधरी। अभिभावकों को परीक्षा परिणाम की जानकारी देती प्राचार्या वंदना यादव।

### सरस्वती स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**नांगल चौधरी।** सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नॉन बोर्ड कक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें टॉपर रहे विद्यार्थियों को संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या वंदना यादव ने की है। 11वीं कक्षा के 69 विद्यार्थियों ने 95 फीसदी से अधिक अंक अर्जित करके माता, पिता का गौरव बढ़ाया है। सभी कक्षाओं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विभिन्न कक्षाओं में टॉपर रहे विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक निदेशक अमित यादव, उप प्राचार्या रेखा यादव, कोर्डिनेटर संदीप कुमार मौजूद रहे।

### दी गुरुकुलम स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**नांगल चौधरी।** दी गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की ओर से घोषित नॉन बोर्ड के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है, साथ ही विभिन्न कक्षाओं में करीब 80 फीसदी विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक लेकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। संस्था के चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार प्राचार्या ने नॉन बोर्ड का परिणाम घोषित कर दिया है। सुबह नौ बजे पहले प्राइमरी कक्षाओं की परिणाम सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पाई। जिसे देखकर बच्चों के चेहरे खिले हुए दिखाई दिए।

### आदर्श स्कूल देवता के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**नांगल चौधरी।** आदर्श बाल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवता ने 12वीं कक्षा के परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा और 10 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक लेकर रिकार्ड कायम किया। प्राचार्य देवेंद्र सिंह शास्त्री ने विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कुल 19 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जो विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी सूची में आरती कुमारी 96.80, रिया यादव 96.20, साहिल कुमार 94.60, सिद्धि सेहरा 93.80, ज्योति यादव 92.60, ज्योति मीणा 91.40, प्रियंशी 91.20, मुस्कान सिसोदिया 90.80, सुशील सिंह 90.20 व संजय कुमार को 90 प्रतिशत अंक मिले हैं। निदेशक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि हर वर्ष विद्यार्थी शानदार सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

**समारोह** | अनुशासन और समयबद्धता ही सफलता की कुंजी: बीरसिंह यादव

# श्रीकृष्णा स्कूल में हुआ वार्षिक पुरस्कार वितरण और अभिभावक-अध्यापक मिलन समारोह

स्कूल के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल में मंगलवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण और अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्कूल के उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान अपनी मेहनत और लगन से विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव द्वारा किया गया, जो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि सीईओ कर्मवीर राव और डॉ. कविता राव मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश द्वारा की गई। मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। कक्षा पहली से लेकर 11वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। शैक्षणिक स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान वाले छात्रों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा गया।




महेंद्रगढ़। मेधावी छात्र को सम्मानित करते चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव।

### ट्रॉफी विद्यार्थी की कड़ी मेहनत और धैर्य का प्रतीक

स्कूल प्रबंधन ने केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि विद्यार्थी के व्यक्तित्व के अन्य पहलुओं को भी सराहा। सर्वश्रेष्ठ अनुशासित विद्यार्थी और सर्वश्रेष्ठ समय के पाबंद छात्रों को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। चेयरमैन बीरसिंह यादव ने कहा कि पुरस्कार केवल एक ट्रॉफी नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थी की कड़ी मेहनत और धैर्य का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। सीईओ कर्मवीर राव और डा. कविता राव ने कहा कि हार और जीत जीवन का हिस्सा है, लेकिन निरंतर प्रयास करना ही एक सच्चे विद्यार्थी की पहचान है। अभिभावकों और शिक्षकों का आपसी तालमेल ही बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है। प्राचार्य रवि प्रकाश ने कहा कि अनुशासन ही वह सीढ़ी है जो विद्यार्थी को शिखर तक ले जाती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि श्रीकृष्णा स्कूल भविष्य में भी शिक्षा और संस्कारों के उच्च मानक स्थापित करता रहेगा। पुरस्कार वितरण के बाद अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह में अभिभावकों ने शिक्षकों के साथ अपने बच्चों की प्रगति पर चर्चा की। शिक्षकों ने बच्चों की कमजोरियों और उनकी खूबियों के बारे में विस्तार से बताया, ताकि आगामी सत्र में और बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकें।

## खबर संक्षेप

### अवैध देशी पिस्तौल सहित आरोपित काबू

**नारनौल।** सीआईए ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को अवैध देशी पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए निजामपुर रोड पर गश्त कर रही थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि मोहल्ला मिश्रवाड़ा निवासी विनोद बोलेरो गाड़ी के साथ छोटा बड़ा तालाब के पास खड़ा है, जिसके पास अवैध हथियार है और वह किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने रेडिंग पार्टी तैयार की और मौके पर दबिश दी। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद निवासी मोहल्ला मिश्रवाड़ा बताया।

### ऑनलाइन सट्टा खाईवाली करता आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुए सीआईए ने ऑनलाइन सट्टा खाईवाली करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम महेश बताया। जब पुलिस ने मौके पर ही उसके मोबाइल का लॉक खुलवाकर जांच की गई, तो उसके व्हाट्सएप में सट्टा खाईवाली करने की कई पर्चियां व रिकॉर्ड मिले।

### अटेली मंडी में परशुराम जन्मोत्सव 12 अप्रैल को

**नारनौल।** श्री गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली मंडी की ओर से भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 12 अप्रैल को श्रीराधा कृष्ण मंदिर अटेली मंडी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि समारोह के लिए अटेली क्षेत्र सहित आसपास के लगभग 40 गांवों में व्यक्तिगत निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित होगा।

### श्रमिक विरोधी कानून के विरोध में प्रदर्शन आज

**नारनौल।** केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने केन्द्र सरकार की ओर से श्रमिक विरोधी चार लेबर कानून एक अप्रैल से लागू किए जाने के विरोध में बुधवार को को काला दिवस मनाने का आह्वान किया है। इस कड़ी में श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी से जुड़ी यूनियन के कार्यकर्ता एक अप्रैल को पुराना लघु सचिवालय पार्क में एकत्रित होंगे। जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह ने एआईयूटीयूसी से जुड़ी यूनियन के कार्यकर्ताओं से 12 बजे पुराना लघु सचिवालय पार्क में पहुंचने का आग्रह कर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपीलकी है।

### अटेली मार्केट कमेटी को मिला नया सचिव

**मंडी अटेली।** अटेली मार्केट कमेटी में सतपाल यादव ने सचिव पद का कार्यभार संभाल लिया है। पूर्व सचिव के तीन महीने के चाइल्ड केयर लीव पर जाने के कारण यह पद रिक्त हो गया था, जिसके चलते उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यभार संभालने के बाद सतपाल यादव ने कहा कि किसानों की सुविधा उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और उनकी फसल की बिक्री प्रक्रिया को सुचारु बनाया जाएगा।

# मौसम ने अचानक ली करवट, शहर सहित 30 से अधिक गांवों में ओलावृष्टि, फसलों को नुकसान

*बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल लेट गई तथा कटाई की जा चुकी सरसों की फसल में झड़त हुई है*


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

मौसम ने अचानक करवट लेते हुए तेज बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की चिंता बढ़ा दी। बीते दिन दोपहर बाद शुरू हुई बारिश ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा। खासकर गेहूं और सब्जियों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। हालांकि सरसों की लावणी होने से कुछ बचाव हो गया। तेज हवाओं के साथ गिरे ओलों ने फसलों को जमीन पर गिरा दिया, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि उन्होंने बड़ी मेहनत और लागत लगाकर फसल तैयार की थी, लेकिन इस अचानक आई प्राकृतिक आपदा ने उनकी उम्मीदों पर पानी


महेंद्रगढ़। गांव आकोदा में ओले के कारण सफेद हुई धरती।

फेर दिया। कई किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है, ताकि उन्हें हुए नुकसान की कुछ भरपाई हो सके। स्थानीय किसान नेताओं ने भी सरकार से जल्द सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को राहत देने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण यह बदलाव देखने को मिला है। आने वाले दिनों में भी मौसम इसी तरह बना रह सकता है, जिससे किसानों की चिंताएं और बढ़ गई हैं। प्रशासन ने किसानों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है। बारिश के साथ करीब 30 से अधिक गांवों में ओलावृष्टि हुई हैं। इसके अलावा आसपास के गांवों में भारी ओलावृष्टि देखने को मिली हैं। वहीं मौसम विभाग की ओर से आगामी एक सप्ताह तक मौसम में बदलाव व तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी की आशंका जताई जा रही है। वहीं शहर में तेज बरसात होने से गली-मोहल्ले और सड़कें जलमग्न हो गई। शहर की सड़कों पर पानी भरे रहने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हुई। बरसात के दौरान शहर के कई इलाकों की बिजली गुल हो जाने से भी लोगों का जनजीवन बेहाल हो गया है।

### इन गांवों में हुई ओलावृष्टि



**महेंद्रगढ़।** शहर में बरसात के साथ हल्की ओलावृष्टि देखने को मिली हैं। वहीं आसपास के गांवों में भारी ओलावृष्टि हुई हैं, जिसके चलते गेहूं की खड़ी फसलों में भी नुकसान देखने को मिलेगा। वहीं सब्जियों में नुकसान हुआ है। क्षेत्र में करीब डेढ़ बजे गांव जासावास, नांगल सिरोही, महेंद्रगढ़, बुडीन, बलायचा, निंबी, छाजियावास, खातौद, खातौदड़ा, निंबेहड़ा, जाटवास, भांडोर, देवनगर, दौंगड़ा अहीर, सुरजनवास, डुलाना, बचीनी, देवास, चितलांग, खेड़ा, बवानियां, सुंदरह, गागड़वास, रिवासा, सिसोठ, भगड़ाना, पालड़ी-पनिहारा, पाली, माजरा खुर्द, मजरा कलां, लावण, श्यामपुरा, आकोदा, जड़वा, सिगड़ी, आनावास, बुचावास, गुढ़ा सहित क्षेत्र के अधिकांश गांवों में करीब तीन से पांच मिनट तक ओलावृष्टि हुई।

### अटेली में बारिश व ओलावृष्टि

**मंडी अटेली।** अटेली एवं क्षेत्र के गांवों में दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और हल्की बूंदाबांदी के साथ नावदी, रामपुरा, बिहाली, कांटी, खेड़ी की तरफ हल्की ओलावृष्टि हुई। इस बदलाव से जहां मौसम में ठंडक महसूस की गई, वहीं किसानों के चेहरों पर चिंता साफ झलकने लगी। क्षेत्र के किसान सुरेश कुमार, इंद्रजीत यादव, तेजप्रकाश चंदपुरा, दयाराम, रामनारायण, दलीप सिंह और बाबूलाल ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल की कटाई का कार्य जोरों पर है। ऐसे में अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसल को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि फसल ही उनकी रोजी-रोटी का मुख्य साधन है और अगर इसी समय मौसम खराब हो जाए तो भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि यदि नुकसान होता है तो उचित मुआवजा दिया जाए।

## सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अंत्योदय के भाव से कार्य कर रही सरकार

# फंड में गड़बड़ी पर सरपंच को निलंबित करने के दिए आदेश

- सहकारिता मंत्री ने जन परिवेदना समिति की बैठक में की 17 मामलों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सुशासन के संकल्प को दोहराते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने मंगलवार को कुतबापुर सरपंच को निलंबित करने के आदेश दिए। सभागार में आयोजित जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक के दौरान सरकारी धन की हेराफेरी का मामला सामने आने पर मंत्री ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार की नीति नो कॉम्प्रोमाइज की है। ऐसे मामलों में चाहे कोई कितना भी सगा हो उसे बख्शा नहीं जाएगा। इस बैठक में पहले से निर्धारित 17 मामले सुनवाई के लिए रखे गए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार अंत्योदय के भाव से पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनसेवा में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर शिकायत का निवारण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। बैठक में ग्राम पंचायत पाली में खराब स्ट्रीट लाइटों के मामले में मंत्री ने कड़ा संज्ञान लेते हुए डीडीपीओ को निर्देश दिए कि इस मामले में पूरे जिले में 10 दिन के अंदर अंदर सभी लाइटों की मरम्मत करवाई जाए। साथ ही भविष्य में मरम्मत का काम भी संबंधित कंपनी से करवाने के निर्देश दिए। इसके लिए जो भी कार्रवाई की जानी है वह तुरंत की जाए। पृथ्वीपुरा के एक निवासी का तकनीकी कारणों से कटे राशन कार्ड के मामले में अधिकारियों ने बताया कि मुख्यालय स्तर पर त्रुटि सुधार के बाद बहाल कर दिया गया है। इस पर मंत्री ने एडीसी को निर्देश दिए कि इस कार्य को प्राथमिकता पर लिया जाए। शहर के मोहल्ला रावका में पेयजल संकट को दूर करने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा नई डीआई पाइप लाइन बिछाने का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा गया है, जिससे जल्द ही क्षेत्र में जलापूर्ति सुचारू होगी। नांगतिहाड़ी गांव में जर्जर बिजली के पोल को विभाग द्वारा बदल दिया गया है, वहीं अधिकारियों ने बताया कि बड़कोदा गांव में सीवर लाइन की समस्या का समाधान कर गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित की गई है। इस बैठक में पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव, बीजेपी के जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी रहे।



नारनौल। जनपरिवेदना समिति की बैठक लेते सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

### लंबित फाइलों का जल्द करें निपटान

इस पर सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी पंचायत में विकास कार्य हो रहे हैं उनकी सैंपलिंग ग्रामीणों की मौजूदगी में की जाए। नगर परिषद क्षेत्र में रास्तों की मरम्मत और सार्वजनिक शौचालयों की साफ सफाई के लिए संबंधित एजेंसियों को वर्क ऑर्डर जारी कर कार्य शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि शौचालय का हर रोज निरीक्षण किया जाए। मंडलाना निवासी कृष्ण कुमार की शिकायत पर पुलिस ने बताया कि इस संबंध में कार्रवाई करते हुए संबंधित खाते से रकम वापसी की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह खाता कर्नाटक में खुला हुआ था। सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लंबित फाइलों का जल्द निपटान करें, ताकि जनता को बार बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

### स्वच्छता के लिए निर्देश

इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में स्वच्छता और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। स्कूलों में शौचालयों की मेंटेनेंस को लेकर सरकार का मुख्य फोकस बजट आवंटन और जवाबदेही तय करने पर है। सरकार ने स्कूल प्रिंसिपलों और मुख्यध्यापकों को शौचालयों की मरम्मत तथा अन्य छोटे कार्यों के लिए खर्च करने का अधिकार दिया है। यह राशि स्कूल स्तर पर गठित समिति के माध्यम से खर्च की जा सकेगी। यदि निरीक्षण के दौरान स्कूलों में स्वच्छता या शौचालयों की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई, तो इसके लिए संबंधित स्कूल मुखिया सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। बैठक से पूर्व उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सहकारिता मंत्री का आगमन पर स्वागत किया।


मंडी अटेली। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# मेले में 21 हजार की कुश्ती संजय पहलवान ने जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव छापड़ा सलीमपुर में बाबा रूपादास महाराज के वार्षिक मेले का आयोजन बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। मेले में धार्मिक आस्था के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं का भी विशेष आकर्षण देखने को मिला, जिसमें क्षेत्रभर के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेला कमेटी के सदस्य मेनपाल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट और कुश्ती जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में मोनी हथवाला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर 31 हजार रुपये का नगद पुरस्कार जीता। वहीं द्वितीय राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक की टीम को 21 हजार रुपये से सम्मानित किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नूनी की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त कर 21 हजार रुपये का इनाम जीता। दूसरे स्थान पर आईटीबीपी जाटूसाना की टीम रही जिसे 15 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में बीआरडी सुल्तान अहिरान की टीम ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल कर 11 हजार रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं सिहार की टीम द्वितीय स्थान पर रही जिसे 7100 रुपये का नगद इनाम दिया गया। मेले का मुख्य आकर्षण 21 हजार रुपये की कुश्ती रही, जिसमें संजय पहलवान जैलाफ ने शानदार दांव-पेंच दिखाते हुए जीत हासिल की और दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। इसके अलावा दिन के समय महाशय सुरेंद्र शर्मा जटगांवड़ा वाले ने बाबा रूपादास जी महाराज की महिमा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

**ये रहे मौजूद**
इस मौके पर मेला कमेटी के प्रधान रामसिंह, पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह, दलीप सिंह, ओमप्रकाश खनगवाल, सरपंच प्रतिनिधि सिंहराज, नित्यानंद, गुगनराम, मुख्यतार सिंह, जगबीर, कुलदीप, लक्ष्मीनारायण, बहादुर, दिनेश, जोगेंद्र, मैनपाल व कृष्ण फौजी सहित अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

# खत्रीपुर स्कूल में हेडमास्टर को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

खत्री पुर स्कूल के जेबीटी हेडमास्टर देवीदत्त कनकवाल के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम हुआ। इनका कार्यकाल बहुत ही बहुत ही सराहनीय रहा। अपने जीवनकाल के 29 साल इस नौकरी को दिए। इनकी पहली पोस्टिंग सरकारी स्कूल मंडलाना में हुई थी। वर्ष 2002 में इनका दूसरा ट्रांसफर इनका नूनी कलां में हुआ था। वहां 2016 तक रहे। सितंबर 2016 और अब तक यहां सरकारी स्कूल खत्रीपुर स्कूल में रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्लस्टर सीमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल रहे। सेवानिवृत्त प्रिंसिपल ओमप्रकाश मोरवाल, डीजीएम महेंद्र सिंह खन्ना, विनोद जेबीटी बड़कौदा, अमर सिंह, मोहनलाल कोथल, ओमप्रकाश चौकीदार खोड़मा, सुरेश नंबरदार कोदमा, उमेश, बिरजू, शेरसिंह, रिशाल सिंह, देव अन्या और भी बहुत सारे शिक्षक कार्यक्रम में पधारे हुए थे।


नारनौल। रिटायर्ड टीचर को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### शिवाजी नगर में मनाया वार्षिक उत्सव

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में शिवाजी नगर के प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसके मुख्य यजमान बिशनदयाल सिंगल, विजय अग्रवाल, महेश सिंगल रहे। आचार्य खगेश शर्मा ने पूजा अर्चना करवा हनुमान चालीसा, गणेश वंदना के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। राजेश सोनी ने बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की। इसमें गौरीशंकर शर्मा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, नवीन जैन, शिवशंकर अग्रवाल, राजेश सोनी, विजय हल्दिया, राकेश गुप्ता, संजय शर्मा, प्रवीण कुमार, तरुण सोनी, नवीन बंसल, नरेंद्र अग्रवाल, पंडित खगेश शास्त्री ने सुंदरकांड पाठ के दोहे व चौपाइयों का गायन।

# शिविर में 54 यूनिट रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कोरियावास गांव स्थित बाबा रघुनाथ मंदिर में श्री श्री 1008 बाबा रघुनाथ इमरजेंसी ब्लड ग्रुप व बाबा निहालचंद सेवादल पटीकरा के संयुक्त तत्वावधान में 15वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस पुनीत कार्य में ग्रामीणों व युवाओं ने बढ़ चढ़कर भागलिया। संस्था के प्रवक्ता संदीप राव पटीकरा ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 54 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना व रक्त उपलब्ध कराना है। शिविर के सफल आयोजन में संस्था के सदस्यों नवीन बल्डू, योगेश खोटी, अनिल राव, सतीश व रणवीर एडवोकेट का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही ग्राम बस्ती कोरियावास के सभी युवाओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर बाबा रघुनाथ मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं व उपस्थित जनसमूह ने प्रसाद ग्रहण किया।


नारनौल। शिविर में रक्तदान करते युवा। *फोटो: हरिभूमि*

**सुविधा** स्वास्थ्य मंत्री और सांसद का पंचायतों ने जताया आभार

# 9.15 करोड़ की लागत से बनेंगे पाली और खातोदड़ा गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

*जमीन का प्रस्ताव न दिए जाने के कारण ये मामला अटक गया था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव पाली व खातोदड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। गांव पाली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने की मंजूरी केंद्र के 15वें वित्त आयोग में आ गई थी। परंतु ग्राम पंचायत द्वारा जमीन का प्रस्ताव ना दिए जाने के कारण ये मामला अटक गया था। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव दिए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस बारे प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई तथा अब पंचायत की तरफ से एक एकड़ एक कनाल व दो मरला जमीन का पट्टा नामा एक रुपये प्रति एकड़ प्रति वर्ष के हिसाब से स्वास्थ्य विभाग के नाम करवा दिया गया है। इसी प्रकार गांव खातोदड़ा में भी जनसंख्या की मैपिंग पर आधारित राज्य सरकार की अनुशंसा पर केंद्र सरकार की तरफ से लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मंजूरी दी गई थी। मई 2024 में राज्य सरकार की तरफ से इसकी मंजूरी देकर केंद्र सरकार को भेजी गई थी। बाद में मुख्यमंत्री की 18 मई 2025 को महेंद्रगढ़ में आयोजित हुई रैली में खातोदड़ा की जगह खातोद की घोषणा कर दी गई। बाद में ग्राम पंचायत खातोदड़ा का एक प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य मंत्री से मिला तथा सारा मामला उनके सामने रखा। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री की तरफ से इस बारे पूरा विषय मुख्यमंत्री के सामने रखने का आश्वासन दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने ये मामला मुख्यमंत्री के सामने रखकर इस बारे सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात कही गई। मुख्यमंत्री द्वारा सभी बातों का आंकलन करने के बाद पहले से मंजूर हो चुके खातोदड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को ही बरकार रख दिया गया। इस बारे गांव की पंचायत की तरफ से एक निवेदन पत्र सांसद धर्मबीर सिंह को भी दिया गया था, जिसपर सांसद ने भी सारी बात मुख्यमंत्री के सामने रखते हुए पहले चरण में ग्राम खातोदड़ा में तथा दूसरे चरण में ग्राम खातोद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की पैरवी की गई। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र पाली का साइट प्लान मुख्य वास्तुकार के पास भेजा जा चुका है तथा उसे जल्द-से-जल्द मंजूर करने के लिए सांसद धर्मबीर सिंह की तरफ से विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव व मुख्य वास्तुकार को पत्र भी लिखा गया है। साथ ही सिविल सर्जन को उप स्वास्थ्य केंद्र खातोदड़ा का साइट प्लान भी जल्द-से-जल्द भेजने के निर्देश दिए गए हैं।


महेंद्रगढ़। स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त करते ग्राम पंचायत पाली के सरपंच व भूतपूर्व सैनिक। फोटो: हरिभूमि

### मुख्य सचिव को लिखा पत्र

सांसद ने साइट प्लान जल्द से जल्द मंजूर करने के लिए विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिखा पत्र।
**गांव पाली में एक एकड़ एक कनाल व दो मरला में बनाया जाएगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन।**
गांव खातोदड़ा में नौ कनाल व दो मरला में बनाया जाएगा उप स्वास्थ्य केंद्र भवन। एक उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर लगभग 4.57 करोड़ की आएगी लागत।

# मजदूर फैक्टी के रुपये लेकर फरार, किया मुकदमा दर्ज

**महेंद्रगढ़।** शहर के माजरा चुंगी के पास एक फैक्ट्री के गल्ले से मजदूर 83 हजार रुपये से अधिक की नकदी चोरी करके फरार हो गया। मजदूर रात्रि को फैक्ट्री में ही रहता था। पीड़ित ने सिटी पुलिस थानेमें शिकायत देकर चोर को पकड़ने व रुपये बरामद करने की मांग की है। गांव अगिहार के हाल माजरा चुंगी निवासी सुनील कुमार ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने माजरी चुंगी पर यूपीवीसी डोरस विंडो फैक्ट्री लगा रखी है। फैक्ट्री में एक नौकर अजय मीणा निवासी गांव परसरामपुरा जिला झुन्झुनू को भी लगा रखा है। मजदूर रात को फैक्ट्री में ही रहते थे। 27 मार्च को को उसने अपने गल्ले में 83500 रुपये इंश्योरेंस के देने के लिए रखे थे। इन रुपये के बारे में नौकर अजय मीणा को भी पता था। शाम को अपना ऑफिस बंद कर दिया और गल्ले की चॉबी ऑफिस में छुपा दी। फिर वह अपने घर पर चला गया। दोनों मजदूर फैक्ट्री में ही थे। अगले दिन 28 मार्च को आकर अपना ऑफिस खोला तो ऑफिस का पीछे का दरवाजा खुला मिला और सामान बिखरा हुआ था। अपने गल्ले को चैक किया तो ताला खुला मिला तथा रुपये भी गायब मिले। फिर उसने फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो अजय मीणा फैक्ट्री के शटर के नीचे जाता हुआ दिखाई दिया। फिर उसके फोन पर संपर्क किया तो फोन बंद आ रहा हैं। फिर अपने दूसरे नौकर से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे नहीं पता कि अजय किस टाइम फैक्ट्री से निकला है।